# प्रदेश का बजट आज, बुनियादी ढांचे, युवा व किसानों पर रहेगा फोकस

अमर उजाला ब्यूरो

## शिक्षा, उद्योग, रोजगार, तकनीक व स्वास्थ्य क्षेत्र को भी ज्यादा राशि मिलने की उम्मीद

लखनऊ। योगी सरकार 2.0 का चौथा बजट बृहस्पतिवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। बजट का आकार करीब आठ लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बजट में प्रदेश सरकार 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की तरफ तेज कदम बढ़ाने की कोशिश करती दिखेगी।

लक्ष्य हासिल करने के लिए बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और किसानों को बड़ी सौगात दी जाएगी। साथ ही 2022 में योगी सरकार के घोषणापत्र को पूरा करने की झलक भी दिखेगी। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार सुबह कैबिनेट की बैठक में बजट को विधानसभा में पेश करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी जाएगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में प्रदेश के बजट का आकार करीब 16 फीसदी होगा।

प्रदेश सरकार का फोकस बुनियादी विकास, रोजगार, तकनीकी उन्नयन, कृषि और स्वास्थ्य पर रहेगा। बजट का एक हिस्सा धार्मिक पर्यटन और शिक्षा के लिए भी होगा। बजट में एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे के लिए बड़ी राशि की घोषणा की जा सकती है।

सरकार विंध्य एक्सप्रेसवे की घोषणा पहले ही कर चुकी है। इसकी लागत करीब 24 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। बजट में इसका प्रावधान किया जा सकता है। वहीं, लिंक एक्सप्रेसवे के जरिये प्रदेश के सभी वर्तमान, निर्माणाधीन और प्रस्तावित एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए भी बजट में प्रावधान होने की उम्मीद है।